भारतीय मानक ब्यूरो
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
(उपभोक्ता मामले विभाग), भारत सरकार
मानक भवन, 9 बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002

सत्यमेव जयते

संसूचक विज्ञापन

वैज्ञानिक-बी के पद पर भर्ती

विज्ञापन सं – 02 (ScB)/2024/HRD

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत एक सांविधिक निकाय है जो कि भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय है और देश में मानकीकरण, उत्पाद एवं पद्धति प्रमाणन, सोना/चांदी के आभूषणों की हॉलमार्किंग, प्रयोगशाला परीक्षण करने, इत्यादि के क्षेत्र में गतिविधियों हेतु उत्तरदायी है। बीआईएस अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मानकीकरण और प्रमाणन के लिए भी उत्तरदायी है।

बीआईएस विशिष्ट विषयों और वर्गों में वैज्ञानिक-'बी' के पदों के लिए प्रखर, गतिशील युवाओं को उत्कृष्ट करियर अवसर प्रदान करता है। ये पद सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतनस्तर 10 में हैं और इसके साथ इसमें भत्ते शामिल हैं। वर्तमान में नई दिल्ली में कार्यभार ग्रहण करते समय वेतन लगभग ₹1,11,780/- होगा।

1. **पदों की संख्या:** नीचे दिए गए विवरण के अनुसार विभिन्न शाखाओं में कुल रिक्तियों की संख्या 15 हैं -:

शाखा	रिक्तियों की संख्या (बैकलॉग रिक्तियां सहित)						बेंचमार्क विकलांग व्यक्ति के लिए क्षैतिज आरक्षण (बैकलॉग रिक्तियां सहित)
	कुल	अनारक्षित	अ. पि. वर्ग	अनु. जा.	अनु. ज. जाति	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	
केमिस्ट्री	02	01	01	-	-	-	-
सिविल इंजीनियरिंग	06	02	02	01	-	01	01आईडी एंड एमआई/एमडी*
इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग	07	02	02	02	-	01	01आईडी एंड एमआई/एमडी
कुल	**15**	**05**	**05**	**03**	-	**02**	**02**

*क्षैतिज आरक्षण आईडी एंड एमआई/एमडी श्रेणी के लिए निर्धारित किया गया है। हालांकि, आईडी और एमआई/एमडी श्रेणी में उपयुक्त उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में, सीटों को विकलांगों की VI/HI श्रेणियों के बीच इंटरचेंज द्वारा भरा जाएगा।

संक्षिप्त रूप :

अ .पि .वर्ग :*अन्य पिछड़ा वर्ग*; अनु.जा :*अनुसूचित जाति*; अनु .ज .जाति :*अनुसूचित जनजाति*; आईडी एंड एमआई - *ऑटिज्म/ मानसिक मंदता/ स्पेसिफिक लर्निंग डिसएबिलिटी/ मानसिक रोगी*; एमडी - *बहु निशक्तता*; HI - *बधिर और श्रवण शक्ति में ह्रास*; VI - *अंध और निम्न दृष्टि*

2. **अनिवार्य योग्यता:**

विषय	अनिवार्य शैक्षिणिक योग्यता	संबंधित गेट (GATE) विषय और इसके कोड
सिविल इंजीनियरिंग	1) न्यूनतम 60% प्राप्तांक के साथ (अनु.जा, अनु. ज. जाति के लिए 50%) इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी या समकक्ष में स्नातक डिग्री। 2) 2022/2023/2024 के (GATE)* परीक्षा के वैध अंक। **16.08.2024** (ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख) तक GATE के अंक वैध होने चाहिए।	सिविल इंजीनियरिंग (सी ई)
इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग		इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (ई ई)
केमिस्ट्री	1) न्यूनतम 60% प्राप्तांक के साथ (अनु.जा, अनु. ज. जाति के लिए 50%) प्राकृतिक विज्ञान या समकक्ष (केवल केमिस्ट्री) में परास्नातक डिग्री। 2) 2022/2023/2024 के (GATE)* परीक्षा के वैध अंक। **16.08.2024** (ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख) तक GATE के अंक वैध होने चाहिए।	केमिस्ट्री (सी वाय)

*(GATE)- इंजीनियरिंग में स्नातक अभिक्षमता परीक्षा

3. **आयु सीमा:** आवेदन की अंतिम तारीख तक उम्मीदवार की आयु अधिकतम 30 वर्ष तक होनी चाहिए। अनु.जा, अनु. ज. जाति, अ.पि.व, बेंचमार्क विकलांग व्यक्ति, भूतपूर्व सैनिक और बीआईएस के विभागीय उम्मीदवारों के लिए लागू नियमों के अनुसार छूट होगी।

4. विस्तृत विज्ञापन बीआईएस की वेबसाइट **www.bis.gov.in** पर दिया गया है। उम्मीदवार **27.07.2024 से 16.08.2024** (अंतिम तारीख) तक बीआईएस वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। किसी भी परिस्थिति में आवेदन जमा करने का कोई अन्य माध्यम स्वीकार नहीं किया जाएगा।

5. **आवेदन शुल्क : शून्य** ।

बीआईएस बिना कोई कारण बताए इसे संशोधित / पुनर्निर्धारित / रद्द / स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बीआईएस का निर्णय अंतिम होगा और इस मामले में कोई अपील स्वीकार नहीं की जाएगी।

प्रमुख (मानव संसाधन विकास विभाग)
भारतीय मानक ब्यूरो

दिनांक: 27.07.2024
स्थान: नई दिल्ली

— CBC 08103/12/0007/2425